संख्या एस-18020/24/2015-एसबीएम
भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
स्वच्छ भारत मिशन (जी)

12वाँ तल, पर्यावरण भवन
सीजीओ काँप्लैक्स, लोदी रोड,
नई दिल्ली-110003, 30 अप्रैल, 2015
दूरभाष:=91-11-24363747, फैक्स:24364869, ई-मेल:bala.g@nic.in

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव प्रभारी स्वच्छता/
सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

विषय: स्वच्छता पर छठा दक्षिणी एशियाई सम्मेलन (सेकोसेन-VI)-ढ़ाका, बांग्लादेश 11-13 जनवरी, 2016 – तकनीकी पेपर मंगवाने के संबंध में।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि स्वच्छता पर द्विपक्षीय दक्षिणी एशियाई सम्मेलन (सेकोसेन) सरकारों, क्षेत्रीय साझेदारों, सहायता एजेंसियों, प्रेक्टिसनर्स और पेशेवर एजेंसियों तथा सिविल सोसइटियों के लिए क्षेत्र में स्वच्छता संबंधी चुनौतियों का सामना करने के लिए रचनात्मक चर्चा करने के लिए क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने हेतु वचनबद्धताओं पर सहमति बनाने तथा सामूहिक प्रयास करने के लिए एक विशाल मंच है।

छठे सेकोसेन का आयोजन बांग्लादेश द्वारा ढ़ाका में 11-13 जनवरी, 2016 तक आयोजित किया जाएगा जिसका उद्देश्य **''बेहतर स्वच्छता, बेहतर जीवन''** होगा और इसमें निम्नलिखित 8 थिमेटिक तकनीकी फोकस सत्र होंगे।

क्रम संख्या	थीम	अग्रणी देश
1.	हाइजीन संवर्द्धन	अफगानिस्तान
2.	शहरी स्वच्छता	बांग्लादेश
3.	जेंडर, समानता (जीईआर) और अधिकार	भूटान
4.	अनुसंधान और विकास तथा नवप्रवर्तन	भारत
5.	स्वच्छता का वित्त पोषण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	मालदीव

6. संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों में वाश नेपाल
7. जलवायु परिवर्तन और स्वच्छता पाकिस्तान
8. दुर्गम क्षेत्रों के लिए स्वच्छता श्रीलंका

सेकोसेन VI सचिवालय पेशवरों तथा संभावित वक्ताओं को 11-13 जनवरी, 2016 तक होने वाली स्वच्छता पर छठे दक्षिणी एशियाई सम्मेलन के तकनीकी फोकस सत्रों में प्रस्तुतीकरण के लिए विचार करने हेतु तकनीकी पेपर प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित करता है। अग्रणी देश सभी आवेदनों की समीक्षा करेगा और प्रस्तुतीकरण तैयार करने के लिए चार सर्वोत्तम लेखों (राइट-अप) का चयन करेगा।

पेशेवरों से उपर्युक्त 8 थीमों पर तकनीकी पेपरों का सारांश इस मंत्रालय में 25 मई, 2015 तक डॉ. (श्रीमती) डी. एस. शायनी, परामर्शदाता (स्वच्छता एवं डब्ल्यूएम) (+91 9654256770/shyni.stephen@gov.in) के पास पहुँच जाना चाहिए ताकि उन्हें संबंधित अग्रणी देशों को दिनांक 31 मई, 2015 से पहले प्रस्तुत किया जा सके।

तकनीकी पेपर तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश संदर्भ हेतु इसके साथ संलग्न हैं। यह भी सूचित किया जाता है कि उपलब्ध कराए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार नहीं किए गए पेपरों अथवा अग्रिम तारीख के बाद प्रस्तुत किए गए पेपरों पर विचार नहीं किया जाएगा।

अधिक सूचना के लिए कृपया वेबसाइट http://www.mdws.gov.in, www.sacosanvi.gov.bd को भी देखें।

भवदीय,

(जी. बालासुब्रमणियन)
उप सलाहकार (एसबीएम-जी)

संलग्नक: यथोक्त

प्रतिलिपि

1. सभी एसबीएम (जी) राज्य समन्वयकर्ता

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

सचिव के प्रधान निजी सचिव/संयुक्त सचिव (एसबीएम) के प्रधान निजी सचिव/उप सचिव एसबीएम

तकनीकी निदेशक (एनआईसी) के मंत्रालय की वेबसाइट पर डालने हेतु

<u>तकनीकी पेपर के लिए दिशा-निर्देश:</u>

1. अग्रणी देश सेकोसेन-VI सचिवालय को सूचित करते हुए एक निर्धारित समय-सीमा के भीतर किसी सुनिश्चित तरीके (पब्लिक कॉल, न्यूज मीडिया, संगठन/संस्थान की वेबसाइट में परिपत्र, सीधे संपर्क आदि) के माध्यम से 8 (आठ) थिमेटिक तकनीकी फोकस सत्रों पर तकनीकी पेपरों का सारांश प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रण परिचालित करेगा। अग्रणी देश को छोड़कर भागीदारों से पेपरों को संबंधित देश के फोकस व्यक्ति को प्रस्तुत किया जाएगा जो उसे अग्रणी देश को अग्रेषित करेगा;
2. सेकोसेन-VI वेबसाइट में अग्रणी देशों के नाम के साथ थिमेटिक तकनीकी फोकस सत्रों की एक सूची सहित एक सामान्य परिपत्र भी डाला जाएगा।
3. अग्रणी देश सभी प्रस्तुत पेपरों की समीक्षा करेगा और प्रस्तुतीकरण तैयार करने के लिए चार सर्वोत्तम राइट-अप का चयन करेगा।
4. अग्रणी देश चयन किए गए चार व्यक्तियों/संगठनों/संस्थानों/सिविल सोसाइटियों को 12 पृष्ठ से अनधिक पूर्ण पेपर प्रस्तुत करने को कहेगा और प्रस्तुतीकरण 15 मिनट से अधिक का नहीं होगा। अग्रणी देश चयन किए गए पेपरों और प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करेगा और यदि कोई अशुद्धि होगी तो फाइनल प्रति प्रस्तुत करने को कहेगा।
5. तत्पश्चात अग्रणी देश का देश-फोकस व्यिक्त फाइनल किए गए चार पेपरों और प्रस्तुतीकरणों को वक्ता के विवरण, पते के साथ सेकोसेन-VI सचिवालय को आगे की कार्रवाई हेतु अग्रेषित करेगा।
6. सेकोसेन-VI सचिवालय द्वारा अक्टूबर, 2015 के बाद कोई पेपर और प्रस्तुतीकरण प्राप्त नहीं किया जाएगा।

<u>थिमेटिक तकनीकी फोकस सत्र और अग्रणी देश के नाम की सूची</u>

क्र. सं.	थिमेटिक सत्र का नाम	अग्रणी देश	जिम्मेदार साझादार
1	हाइजिन संवर्द्धन	अफगानिस्तान	डब्ल्यूएसएससीसी
2	शहरी स्वच्छता	बांग्लादेश	डब्ल्यूएयओ, बीएमजीएफ
3	जेंडर, समानता और अधिकार (जीईआर)	भूटान	यूनिसेफ, एफएएनएसए, डब्ल्यूएसएससीसी
4	अनुसंधान और विकास तथा नवप्रवर्तन	भारत	डब्ल्यूएसएससीसी, डब्ल्यूएसपी, बीएमजीएफ

5	स्वच्छता का वित्तपोषण तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	मालदीव	वाटर एड, डब्ल्यूएसपी
6	संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों में वाश	नेपाल	यूनिसेफ, वाटर एड, डब्ल्यूएचओ
7	जलवायु परिवर्तन और स्वच्छता	पाकिस्तान	वाटर एड, डब्ल्यूएचओ
8	दुर्गम क्षेत्रों के लिए स्वच्छता	श्रीलंका	एफएएनएसए, डब्ल्यूएसएससीसी